THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI N.V.N. SOMU): (a) Yes, Sir.

(b) No, Sir. The Ministry of Defence did not give any clearance to publish the book.

(c) Yes, Sir.

(d) No, Sir.

(e) Does not arise in view of answer to part (d) above.

वायु सेना विमान पत्तनों को नागर विमानन पत्तनों में परिवर्तित किया जाना

27. **श्री चीमनभाई हरीभाई शुक्ला:** क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार को देश की वायु सेना के विमान पत्तनों को नागर विमान पत्तनों में परिवर्तन करने की वर्तमान नीति और मानदण्ड क्या-क्या हैं;

(ख) क्या राष्ट्रीय विमान पत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष ने हाल ही में भुज विमान पत्तन को नागर विमान पत्तन में परिवर्तित करने के लिए कोई प्रस्ताव सरकार को प्रेषित किया है;

(ग) यदि हां, तो इस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है;

(घ) क्या इस परिवर्तन से पश्चिम क्षेत्र की सीमा पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा; और

(ङ) इस परिवर्तन के क्या कारण हैं?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एन० वी० एन० सोमू): (क) वायु सेना के एयरपोर्टों को सिविल एयरपोर्टों में बदलने के संबंध में इस समय कोई नीति निर्धारित नहीं है।

(ख) जी, नहीं।

(ग) से (ङ) प्रश्न नहीं उठते।

सशस्त्र बलों के कार्मिकों द्वारा मानवाधिकारों का उल्लंघन

28. **श्री राम जेठमलानी:** क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को देश के विभिन्न भागों में भारतीय सेना के अधिकारियों एवम् कर्मचारियों द्वारा मानवाधिकारों के उल्लंघन के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई हैं;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान इस प्रकार की प्राप्त हुई शिकायतों की कुल संख्या कितनी थी;

(ग) क्या इन शिकायतों की जांच करके इन शिकायतों के वास्तविक होने की जांच की गई है;

(घ) यदि हां, तो कितनी शिकायतें सही पाई गई; और

(ङ) जांच करने वाला निकाय किस मंत्रालय या विभाग से संबंधित था?

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एन० वी० एन० सोमू): (क) से (ङ) पिछले 3 वर्षों के दौरान अर्थात् 1994 से 1996 तक सशस्त्र बलों के कार्मिकों के विरुद्ध मानवाधिकारों के उल्लंघन की कुल 291 शिकायतें प्राप्त हुई थीं। सेना मुख्यालय ने इन सभी शिकायतों के जांच की थी और उनमें से केवल 7 शिकायतें सही पाई गई थीं।

29. SHRI S. MUTHU MANI:
DR. MOHAN BABU:

Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a good number of livestock in the military farms are suffering from Tuberculosis as a result of inferior quality of fodder fed to them;

(b) whether it is a fact that the good fodder meant for military farms is diverted in black market;

(c) whether it has also been detected that the milk purchased for the troops from the market from private sources has also been found to be of sub-standard quality; and

(d) whether any enquiry has been made in this scam and action taken against unscrupulous farm officials?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI N.V.N. SOMU): (a) to (c) No, Sir.